



# बंशीधर न्यूज

श्री बंशीधर नगर, सोमवार
14.09.2026
भाद्रपद शुक्लपक्ष तृतीया/चतुर्थी संवत 2084
वर्ष : 05, अंक : 24
डिजिटल अखबार


**श्रीबंशीधर नगर** खराब सड़कों की कीमत चुका रहे मरीज, वाराणसी के अस्पतालों में जा रहा करोड़ों का संभावित स्वास्थ्य कारोबार

# सड़क ने रोका गढ़वा का इलाज!

नीलू चौबे

**गढ़वा** जिले की बदहाल सड़कें सिर्फ सफर को मुश्किल नहीं बना रहीं, बल्कि जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल भी खोल रही हैं। गंभीर बीमारी या दुर्घटना की स्थिति में गढ़वा के मरीजों के सामने इलाज के लिए अपने ही राज्य की राजधानी रांची जाने के बजाय उत्तर प्रदेश के वाराणसी का रास्ता चुनना मजबूरी बनता जा रहा है। विडंबना यह है कि जिला मुख्यालय गढ़वा से रांची और वाराणसी की दूरी लगभग बराबर होने के बावजूद मरीज वाराणसी जाना अधिक सुविधाजनक मान रहे हैं। वजह साफ है– सड़क। रांची तक पहुंचने में खराब सड़कों पर मरीजों को लंबा और झटकेदार सफर झेलना पड़ता है। गंभीर मरीजों के लिए यह सफर सिर्फ थकाऊ नहीं, बल्कि कई बार जानलेवा भी साबित हो सकता है। इसके विपरीत वाराणसी की ओर अपेक्षाकृत बेहतर सड़क संपर्क के कारण मरीज और उनके परिजन समय और परेशानी बचाने के लिए यूपी के अस्पतालों का रुख कर रहे हैं।

## गढ़वा का पैसा यूपी में, झारखंड के हिस्से में क्षति

स्वास्थ्य और सड़क–दोनों व्यवस्थाओं की कमजोरी का सीधा असर गढ़वा की अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। मरीज जब इलाज के लिए वाराणसी या लखनऊ जाते हैं तो इलाज पर खर्च होने वाली रकम के साथ जांच, दवा, ऑपरेशन, अस्पताल शुल्क, भोजन, रहने और आने-जाने का पैसा भी दूसरे राज्य में चला जाता है। यानी गढ़वा का मरीज, गढ़वा की जेब और झारखंड का पैसा–फायदा उठा रहा है यूपी का स्वास्थ्य कारोबार।

यह सिर्फ स्वास्थ्य का सवाल नहीं, बल्कि राजस्व और स्थानीय अर्थव्यवस्था का भी सवाल है। यदि जिले में ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हों और रांची तक सुगम सड़क संपर्क हो, तो मरीजों का बड़ा हिस्सा झारखंड में ही इलाज करा सकता है। इससे स्थानीय अस्पताल, जांच केंद्र, दवा कारोबार और अन्य सेवाओं को भी आर्थिक लाभ मिलेगा।

## हर दिन रेफर, फिर मरीज का रास्ता दूसरे प्रदेश की ओर

गढ़वा सदर अस्पताल से गंभीर मरीजों को हायर सेंटर रेफर करना कोई नई बात नहीं है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल से प्रतिदिन करीब एक दर्जन मरीजों को बेहतर इलाज के लिए उच्च केंद्र भेजा जाता है। समस्या यह है कि जिले के अस्पतालों में गंभीर और दुर्घटनाग्रस्त मरीजों को लंबे समय तक संभालने के लिए आवश्यक विशेषज्ञ चिकित्सक, आधुनिक जांच सुविधाएं, पर्याप्त उपकरण और अत्याधुनिक ट्रॉमा केयर व्यवस्था पूरी तरह उपलब्ध नहीं है। नतीजा यह कि इलाज के नाम पर अस्पताल पहुंचा मरीज रेफर की पर्ची लेकर सड़क पर निकल जाता है।

ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति और भी खराब है। समय पर बेहतर इलाज नहीं मिलने के कारण कई मरीजों की हालत बिगड़ती है। कुछ परिवार कर्ज लेकर दूसरे प्रदेशों में इलाज कराने को मजबूर होते हैं तो कुछ गरीब मरीज पर्याप्त संसाधन नहीं जुटा पाने के कारण इलाज से वंचित रह जाते हैं।

## यूपी को मिला मरीजों का कारोबार!




## दो स्वास्थ्य मंत्री मिले, लेकिन गढ़वा को नहीं मिली मजबूत स्वास्थ्य व्यवस्था




गढ़वा की बदहाली को लेकर सबसे बड़ा राजनीतिक सवाल भी यहीं खड़ा होता है। जिले को दो ऐसे जनप्रतिनिधि मिले जिन्हें राज्य में स्वास्थ्य मंत्री जैसे महत्वपूर्ण पद की जिम्मेदारी संभालने का अवसर मिला। भवनाथपुर के भानू प्रताप शाही और विश्रामपुर के रामचंद्र चंद्रवंशी स्वास्थ्य मंत्री रहे। लेकिन सवाल यह है कि दो-दो स्वास्थ्य मंत्री मिलने के बावजूद गढ़वा की स्वास्थ्य व्यवस्था आज भी रेफरल व्यवस्था से आगे क्यों नहीं बढ़ सकी? सदर अस्पताल, अनुमंडलीय अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को उस स्तर का आधुनिक ढांचा नहीं मिल सका, जिसकी जिले को लंबे समय से जरूरत है। गंभीर मरीजों के लिए स्थानीय स्तर पर बेहतर इलाज की व्यवस्था मजबूत नहीं हो सकी। ऐसे में स्वास्थ्य मंत्री रहे जनप्रतिनिधियों के कार्यकाल और उपलब्धियों का मूल्यांकन होना स्वाभाविक है।

## सवाल सरकार से भी, जनप्रतिनिधियों से भी

### जनता का सवाल

गढ़वा के मरीज आखिर अपने जिले में बेहतर इलाज क्यों नहीं पा रहे?
ट्रॉमा सेंटर उद्घाटन के बाद भी क्रियाशील क्यों नहीं हुआ?
हर दिन मरीजों को हायर सेंटर रेफर करने की मजबूरी कब खत्म होगी?
खराब सड़क के कारण इलाज के लिए दूसरे राज्य जा रहे मरीजों का आर्थिक बोझ कौन उठाएगा?

### ... और सबसे बड़ा सवाल

जब गढ़वा के मरीजों की जेब से निकल रहा पैसा यूपी के अस्पतालों की अर्थव्यवस्था मजबूत कर रहा है, तब झारखंड अपने स्वास्थ्य ढांचे और राजस्व दोनों को बचाने के लिए कब जागेगा? गढ़वा को सिर्फ घोषणाएं और उद्घाटन नहीं चाहिए। उसे ऐसी सड़क चाहिए जो मरीज को समय पर अस्पताल पहुंचाए और ऐसा अस्पताल चाहिए जो मरीज को रेफर करने के बजाय उसका इलाज करे।

## ट्रॉमा सेंटर बना, उद्घाटन हुआ, लेकिन इलाज शुरू नहीं हुआ!

पूर्व स्वास्थ्य मंत्री भानू प्रताप शाही के कार्यकाल में दुर्घटनाग्रस्त मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से श्री बंशीधर नगर में ट्रॉमा सेंटर की स्थापना की गयी। अस्पताल का विधिवत उद्घाटन भी हुआ। लेकिन सबसे बड़ा सवाल यही है कि उद्घाटन के बाद यह ट्रॉमा सेंटर मरीजों के लिए वास्तव में कितना उपयोगी साबित हुआ? जानकारी के अनुसार सेंटर आज तक पूरी तरह क्रियाशील नहीं हो सका है। जिस भवन से दुर्घटनाग्रस्त मरीजों को तत्काल उपचार मिलने की उम्मीद थी, वह उपयोग के अभाव और देखरेख की कमी के कारण जर्जर होने लगा है। एक तरफ सड़कें मरीजों को जिले से बाहर धकेल रही हैं, दूसरी तरफ बना-बनाया ट्रॉमा सेंटर मरीजों को उपचार देने में सक्षम नहीं है।

## सड़क खराब तो स्वास्थ्य व्यवस्था भी बेअसर

दुर्घटना के बाद मरीज के लिए एक-एक मिनट महत्वपूर्ण होता है। सड़क पर गड्ढे, जाम और खराब मार्ग एंबुलेंस की गति कम करते हैं। अस्पताल तक पहुंचने में अतिरिक्त समय लगता है। गंभीर मरीज के लिए यही देरी जिंदगी और मौत के बीच का अंतर बन सकती है। गढ़वा को बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था चाहिए तो सिर्फ अस्पताल की चहारदीवारी खड़ी करने से काम नहीं चलेगा। अस्पताल में डॉक्टर, विशेषज्ञ, उपकरण, दवाएं, जांच सुविधा और ट्रॉमा केयर के साथ अस्पताल तक पहुंचने वाली सड़क भी जीवनरेखा जैसी होनी चाहिए।

---

## सुविचार

आपको खेल के नियम सीखने चाहिए और आप किसी भी खिलाड़ी से बेहतर खेलेंगे
-अल्बर्ट आइंस्टीन

## न्यूज अपडेट्स

### परिवार के आठ सदस्यों के साथ किशोर तिर्की लौटे सरना धर्म में



**खूंटी।** रनिया प्रखंड क्षेत्र के गढ़सिदम गांव निवासी लोहरा समाज के किशोर तिर्की ने रविवार को परिवार के आठ सदस्यों के साथ ईसाई धर्म छोड़कर अपने पुराने सरना धर्म में वापसी की। गांव के पाहन सुखदेव पाहन ने विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर उन्हें सरना धर्म में वापसी का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर पाहन ने गांव के देवी-देवताओं की स्तुति करते हुए पारंपरिक रीति-रिवाज से पूजा कराई। पूजा के बाद सभी को सरना अंगवस्त्र भेंट किया गया। किशोर तिर्की ने बताया कि कुछ वर्ष पूर्व वे परिवार सहित कुछ लोगों के बहकावे और झांसे में आकर ईसाई धर्म में चले गए थे। इसके बाद से वह अंदर से बेचैन महसूस कर रहे थे। उन्होंने अपने समाज के लोगों से संपर्क कर दोबारा पुराने सरना धर्म में लौटने की इच्छा जताई। समाज के लोगों की सहमति के बाद रविवार को उन्होंने परिवार के आठ सदस्यों के साथ सरना धर्म में वापसी की। धर्म में लौटने पर उन्होंने खुशी जताई। मौके पर ग्राम प्रधान अल्बिनुस आईंद सहित लोहरा समाज के कई लोग उपस्थित थे।

---

## कतरास में अवैध कोयला खनन के दौरान हादसा

# मलबे में दबकर दो महिला समेत तीन की मौत

बंशीधर न्यूज



**धनबाद।** धनबाद के कतरास रामकनाली ओपी क्षेत्र अंतर्गत केशलपुर कुमारपट्टी में रविवार सुबह अवैध कोयला खनन के दौरान बड़ा हादसा हो गया। अचानक मिट्टी का बड़ा हिस्सा धंसने से तीन लोगों की मौत होने की सूचना है। सूचना के अनुसार दो महिलाएं व एक पुरुष की मौत हुई है। फिलहाल दो शवों को बाहर निकाला गया है और शेष की तलाश की जा रही है। वहीं, कई और लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका जताई जा रही है। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

बताया जा रहा है कि कुछ महिला और पुरुष अवैध सुरंगों में घुसकर कोयला काटने का काम करते थे। इसके बाद बाइक सवारों के माध्यम से कोयले की बिक्री की जाती थी। रविवार सुबह करीब सात बजे इसी दौरान अचानक मिट्टी का बड़ा हिस्सा धंस गया और लोग मलबे में दब गए। हादसे में केवटकुली निवासी मुनिया देवी और बेलोंजाबाद निवासी धनंजय कुमार की मौत होने की सूचना सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि तीन अन्य लोगों को पहले ही बाहर निकाल लिया गया है। हालांकि, अभी भी कई लोगों के अंदर दबे होने की आशंका जताई जा रही है।

घटना के बाद स्थानीय लोगों ने कुदाल और गेंता की मदद से मलबा हटाने का काम शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद दोनों के शवों को बाहर निकाला गया। इसके बाद आनन-फानन में शवों को बाइक पर लादकर अस्पताल ले जाया गया।

अवैध खनन के दौरान हादसा होने की आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस और प्रशासन की कार्रवाई का इंतजार है। फिलहाल, हादसे में कितने लोग दबे हैं और घटना की पूरी सच्चाई क्या है, यह जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

---

## मुख्यमंत्री हेमंत ने गढ़वा की छात्राओं को पत्र लिखकर दिया आशीर्वाद



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने रक्षा बंधन के अवसर पर गढ़वा स्थित आरकेसीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की छात्राओं काजल कुमारी एवं महालक्ष्मी केशरी की ओर से भेजी गई हस्तनिर्मित राखियों का उत्तर पत्र भेजकर दिया है। मुख्यमंत्री ने अपने पत्र के माध्यम से छात्राओं के प्रति आभार व्यक्त किया और लिखा कि रक्षा बंधन भाई-बहन के प्रेम, विश्वास और स्नेह का पावन पर्व है। आपके जरिये भेजी गई राखी प्राप्त हुई। आपका यह आत्मीय स्नेह एवं अपनापन पाकर मुझे अत्यंत प्रसन्नता हुई, इसके लिए हृदय से धन्यवाद। ईश्वर से प्रार्थना है कि आप एवं आपका समस्त परिवार सदैव सुखी, स्वस्थ एवं प्रसन्न रहे।

### विद्यालय परिवार ने जताया आभार

मुख्यमंत्री का पत्र प्राप्त होने पर विद्यालय की प्राचार्या ने सोशल मीडिया पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की ओर से छात्राओं की राखियों का मान रखना और उन्हें प्रोत्साहन देना पूरे विद्यालय एवं गढ़वा जिले के लिए प्रेरणादायी है। यह संदेश छात्राओं को शिक्षा और जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 81 हजार मामलों का निस्तारण, 62.72 करोड़ का समझौता



बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** झालसा के दिशा-निर्देश और पीडीजे सह डीएलएसए के अध्यक्ष राम शर्मा के मार्गदर्शन में शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन हुआ। इसमें आपसी सहमति और सुलह के आधार पर कुल 81,020 मामलों का निस्तारण किया गया। इन मामलों में 62 करोड़ 72 लाख 52 हजार 707 रुपये का समझौता हुआ। मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए 11 पीठों का गठन किया गया था। इनमें नौ पीठ व्यवहार न्यायालय, पलामू में थीं। पीठ संख्या 10 में हुसैनाबाद अनुमंडलीय न्यायालय और पीठ संख्या 11 में छतरपुर अनुमंडलीय न्यायालय से संबंधित मामलों का निस्तारण किया गया।

लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन के 74,613 मामलों का निष्पादन हुआ। वहीं, विभिन्न न्यायालयों में लंबित 6,407 मामलों का भी आपसी सहमति से समाधान कराया गया। बड़ी संख्या में पक्षकारों ने लोक अदालत में भाग लेकर लंबे समय से चले आ रहे विवादों का सुलह के माध्यम से समाधान कराया।

लोक अदालत का उद्देश्य लोगों को त्वरित, सुलभ और कम खर्च में न्याय उपलब्ध कराना है। इसके माध्यम से पक्षकारों को लंबी न्यायिक प्रक्रिया से राहत मिलती है। साथ ही न्यायालयों में लंबित मामलों का बोझ भी कम होता है। लोक अदालत के माध्यम से हुए समझौते से दोनों पक्षों को समय और खर्च की बचत का लाभ मिला।

## न्यूज अपडेट्स

### डोरंडा में उर्दू लाइब्रेरी के पास फायरिंग, जांच में जुटी पुलिस

**रांची।** रांची के डोरंडा थाना क्षेत्र स्थित उर्दू लाइब्रेरी के पास रविवार रात अपराधियों ने फायरिंग की और मौके से फरार हो गए। गोलीबारी की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। जांच के क्रम में फायरिंग मामले में पुलिस को अहम जानकारियां मिली हैं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार यह फायरिंग आपसी रंजिश को लेकर हुई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए, रांची पुलिस ने आरोपितों की धरपकड़ के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी शुरू कर दी है। पुलिस ने फायरिंग करने वालों की पहचान कर ली है। फायरिंग करने वालों की पहचान अफाक और संजर के रूप में की गई है। फायरिंग मामले में तफ्तीश के दौरान कई अहम सुराग हाथ लगे हैं। जांच में यह बात सामने आई है कि दोनों पक्षों के बीच काफी समय से विवाद चल रहा था। इससे पहले भी दोनों पक्षों के लोगों ने डोरंडा थाने में एक-दूसरे के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। बताया जा रहा है कि फायरिंग करने का आरोपित पहले जेल भी गया था। कुछ माह पहले ही वह जेल से बाहर आया था। पुलिस मामले के सभी पहलुओं और बिंदुओं को ध्यान में रखकर गहनता से जांच कर रही है।

## पलामू सवर्ण समाज को एकजुट करने की कवायद तेज

# व्यापक समागम की तिथि की घोषणा जल्द

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** सवर्ण समाज एवं सामान्य वर्ग के विभिन्न तबकों को एकजुट करने और सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों पर साझा मंच तैयार करने की दिशा में पहल शुरू हुई है। रविवार को सद्दीक चौक स्थित त्रिपाठी इंटरनेशनल होटल में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से सवर्ण समाज समागम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। समागम की तिथि व्यापक विचार-विमर्श के बाद घोषित की जाएगी। बैठक में समाज के विभिन्न वर्गों, सामाजिक संगठनों, प्रतिनिधियों और प्रबुद्धजनों से संवाद स्थापित कर उनकी सहभागिता सुनिश्चित करने पर सहमति बनी। वक्ताओं ने कहा कि समाज के विभिन्न तबकों के बीच संवाद, समन्वय और एकजुटता को मजबूत करने की जरूरत है। प्रस्तावित समागम को केवल औपचारिक आयोजन तक सीमित नहीं रखते हुए सामाजिक समस्याओं पर विमर्श और भविष्य की दिशा तय करने का मंच बनाया जाएगा।

समागम की तैयारी के लिए विभिन्न क्षेत्रों में संपर्क अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। इसके तहत सामाजिक संगठनों, बुद्धिजीवियों और सक्रिय लोगों से विचार-विमर्श किया जाएगा। व्यापक सहमति बनने के बाद समागम की तिथि की औपचारिक घोषणा होगी।

वक्ताओं ने कहा कि किसी भी समाज की मजबूती उसकी एकजुटता और आपसी संवाद पर निर्भर करती है। सभी वर्गों को साथ लेकर सामाजिक विषयों पर सामूहिक रूप से विचार करना समय की जरूरत है। बैठक की अध्यक्षता अवकाश प्राप्त अंचलाधिकारी सह समाजसेवी संतोष शुक्ला ने की। संचालन समाजसेवी नवीन तिवारी ने किया। मौके पर संतोष तिवारी पिंकू, अमर सहाय, अमित सिन्हा, मुरारी पांडेय, रंजीत नारायण पांडेय, विक्रांत त्रिपाठी, संजय मिश्रा, अजय तिवारी, रवि ओझा, अभय सिंह डिंपल, वेद प्रकाश शर्मा, सुरेंद्र तिवारी, पिंकू पाठक, विनय सिन्हा, आशीष सिंह, नीरज दूबे, सुदीप पांडेय, आनंद प्रकाश दूबे, प्रदीप दूबे, अमर दास, राकेश तिवारी, आशुतोष तिवारी एवं प्रेमचंद दूबे सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## पलामू में एक ही नंबर की दो बाइक बरामद, दो गिरफ्तार



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले की नावाजयपुर थाना पुलिस ने एक ही रजिस्ट्रेशन नंबर की दो बाइक रखकर धोखाधड़ी करने के मामले का खुलासा किया है। पुलिस ने चुराोदहर गांव में छापेमारी कर दो हीरो स्प्लेंडर प्रो बाइक बरामद की हैं। दोनों बाइक पर एक ही रजिस्ट्रेशन नंबर (जेएच03 एम-4179) अंकित था। मामले में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है, जबकि चोरी की बाइक बेचने का आरोपित फरार है। पाटन अंचल के पुलिस निरीक्षक सुरेश कुमार मंडल ने रविवार को बताया कि 12 सितंबर को पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि चुराोदहर निवासी जितेंद्र सिंह (44) के घर में एक ही नंबर की दो बाइक रखी हुई हैं। सूचना के सत्यापन के बाद उनके और नावाजयपुर थाना प्रभारी सतीश कुमार गुप्ता के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया। टीम ने जितेंद्र सिंह के घर पर छापेमारी कर दोनों बाइक बरामद कर लीं। पुलिस पूछताछ में जितेंद्र सिंह ने बताया कि बरामद दोनों बाइकों में एक उसकी अपनी है, जबकि दूसरी बाइक उसने अपने पड़ोसी उमेश सिंह के माध्यम से उसके रिश्तेदार सविता महतो से 25 हजार रुपये में खरीदी थी। पुलिस के अनुसार, चोरी की बाइक की पहचान छिपाने के उद्देश्य से उस पर जितेंद्र की बाइक का नंबर प्लेट जेएच 03एम-4179 लगा दिया गया था। वहीं बाइक के चेसिस नंबर को भी खुरचकर मिटाने का प्रयास किया गया था। पुलिस ने इंजन नंबर की जांच की तो दूसरी बाइक का वास्तविक रजिस्ट्रेशन नंबर (जेएच 03 के -4395) पाया गया। जांच में यह बाइक तरहसी थाना क्षेत्र के लालगाड़ा निवासी उज्ज्वल कुमार गिरी के नाम से पंजीकृत मिली। उज्ज्वल कुमार गिरी ने पुलिस को बताया कि उनकी बाइक 17 जुलाई 2019 को डालटनगंज सदर अस्पताल के समीप से चोरी हो गई थी। इस संबंध में डालटनगंज शहर थाना में प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई थी। मामले में नावाजयपुर थाना में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जितेंद्र सिंह और उमेश सिंह (33) को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं चोरी की बाइक बेचने के आरोपित सविता महतो (45), निवासी मटलौंगा, तरहसी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

## अधिकार सीमित करना पर्याप्त नहीं, दोषियों पर कार्रवाई और राशि की वसूली जरूरी : अमरनाथ तिवारी

**मेदिनीनगर :** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय में वित्तीय अनियमितताओं को लेकर अंकेक्षण में सामने आए मामलों और कुलपति के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार सीमित किए जाने पर एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष अमरनाथ तिवारी ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि कुलपति के अधिकार सीमित करना कार्रवाई की अंतिम सीमा नहीं हो सकती। अंकेक्षण में सामने आई अनियमितताओं में जिम्मेदारी तय कर दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई और सरकारी राशि की वसूली सुनिश्चित की जानी चाहिए। तिवारी ने कहा कि विश्वविद्यालय किसी व्यक्ति की निजी संपत्ति नहीं, बल्कि हजारों विद्यार्थियों के भविष्य और पलामू की प्रतिष्ठा से जुड़ी संस्था है। इसलिए विश्वविद्यालय में पारदर्शिता और जवाबदेही जरूरी है। उन्होंने राजभवन से वित्तीय मामलों की निष्पक्ष जांच, दोषियों पर विभागीय व कानूनी कार्रवाई तथा सरकारी राशि की वसूली की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि कार्रवाई केवल अधिकार सीमित करने तक सीमित रही तो एनएसयूआई विद्यार्थियों के हित में लोकतांत्रिक आंदोलन तेज करेगा।

## चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों की नियुक्ति जल्द करे प्रशासन, नहीं तो आंदोलन

**मेदिनीनगर :** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा की बैठक रविवार को कचहरी परिसर में अध्यक्ष उदय राम की अध्यक्षता में हुई। बैठक में चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों की नियुक्ति प्रक्रिया शीघ्र शुरू करने की मांग को लेकर आंदोलन की समीक्षा की गई। वक्ताओं ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद पलामू में चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। आवेदन करने में प्रत्येक अभ्यर्थी को करीब 500 रुपये खर्च करने पड़े। नियुक्ति की मांग को लेकर बेरोजगार युवाओं ने तीन दिनों तक आमरण अनशन भी किया, लेकिन अब तक प्रक्रिया लंबित है। अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि नियुक्ति में देरी से बेरोजगारों में आक्रोश है। कई अभ्यर्थियों की निर्धारित उम्र सीमा समाप्त होने के कगार पर है। उन्होंने कहा कि रोजगार के अभाव में पलामू के युवा दूसरे राज्यों में पलायन करने को मजबूर हैं। मोर्चा ने प्रशासन को चेतावनी दी कि जल्द नियुक्ति प्रक्रिया शुरू नहीं हुई तो बेरोजगार सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे। बैठक में कृष्णा राम, मूर्ति संजय मिस्त्री, अनिल राम, प्रेम कुमार, संतोष विश्वकर्मा, प्रदेश दुबे और शाहिद सहित कई लोग उपस्थित थे।

## महापौर ने किया जिम का उद्घाटन



**रांची।** रांची के कोकर स्थित टुनकी टोली में रविवार को वोल्टेज यूनिसेक्स जिम का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में रांची की महापौर रोशनी खलखो, भैरव सिंह, हिंदू जागरण मंच के प्रांत संयोजक विक्रम शर्मा उपस्थित थे। इस अवसर पर वार्ड पार्षद अर्जुन यादव और युवा मोर्चा के गुड्डू राय, महावीर लकड़ा सहित क्षेत्र के गणमान्य मौजूद थे। समारोह में स्थानीय लोग एवं युवा भी मौजूद थे। इस अवसर पर जिम के संचालक धीरज राय ने कहा कि वोल्टेज यूनिसेक्स जिम शुरू करने का हमारा उद्देश्य क्षेत्र के युवाओं एवं आम लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना है। आज के व्यस्त जीवन में शारीरिक फिटनेस बेहद जरूरी है। हमारा प्रयास रहेगा कि सभी आयु वर्ग के लोगों को सुरक्षित, अनुशासित और सकारात्मक वातावरण में व्यायाम की सुविधा मिले। उन्होंने कहा कि जिम में आधुनिक सुविधाओं के साथ लोगों को फिटनेस के प्रति जागरूक करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। युवाओं को नशे एवं अस्वस्थ जीवनशैली से दूर रखकर खेल, व्यायाम और स्वास्थ्य के प्रति प्रेरित करना भी संस्थान का प्रमुख उद्देश्य है।

## निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**रांची।** बिरसा मुंडा सेवा संस्थान की ओर से रविवार को मेसरा स्थित संस्थान के नूतन परिसर में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर बिरसा मुंडा सेवा संस्थान एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, रांची महानगर के संयुक्त तत्वावधान में आइआरएस हॉस्पिटल के सहयोग से आयोजित हुआ। शिविर में स्थानीय लोगों ने पहुंचकर अपनी आंखों की जांच कराई। अनुभवी चिकित्सकों और चिकित्सा दल ने नेत्र संबंधी विभिन्न समस्याओं की जांच की एवं आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया।

## चेंबर चुनाव में टीम तुलसी पटेल ने मारी बाजी, 13-8 से जीत

# मुकेश अग्रवाल को सर्वाधिक 1827 वोट




**रांची।** झारखंड चेंबर की 21 सदस्यीय कार्यकारिणी के रविवार को हुए चुनाव में टीम तुलसी पटेल ने 13-8 से जीत दर्ज की। टीम तुलसी पटेल के 13 प्रत्याशी विजयी रहे, जबकि टीम मुकेश अग्रवाल के आठ प्रत्याशियों ने जीत हासिल की। तीसरी टीम पी-21 का खाता नहीं खुल सका। इस तरह 21 सदस्यीय कार्यकारिणी में तुलसी पटेल की टीम को स्पष्ट बहुमत मिला है। अध्यक्ष पद के लिए तुलसी पटेल के नाम की आधिकारिक घोषणा चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद की जाएगी। चुनाव परिणाम की घोषणा चुनाव पदाधिकारी अंचल किंगर और पवन शर्मा ने की। चेंबर के कुल 4214 मतदाताओं में से 2860 ने मतदान किया। चुनाव मैदान में कुल 65 प्रत्याशी थे। 09 महिला प्रत्याशियों ने भी चुनाव लड़ा, जिनमें छह ने जीत दर्ज की। वहीं, मनीष जैन ने पहली बार चुनाव लड़ते हुए जीत हासिल की। मतगणना में टीम मुकेश अग्रवाल के मुकेश अग्रवाल सर्वाधिक 1827 वोट हासिल कर पहले स्थान पर रहे। डॉ अभिषेक रामाधीन 1742 वोट के साथ दूसरे, प्रवीण लोहिया 1725 वोट के साथ तीसरे, तुलसी पटेल 1622 वोट के साथ चौथे और विनीता सिंघानिया 1597 वोट के साथ पांचवें स्थान पर रहे।

### ये 21 प्रत्याशी जीते

मुकेश अग्रवाल 1827, डॉ अभिषेक रामाधीन 1742, प्रवीण लोहिया 1725, तुलसी पटेल 1622, विनीता सिंघानिया 1597, ज्योति कुमार 1535, राम बांगड 1506, मनीष जैन 1497, नवजोत अलंग 1496, निधि झुनझुनवाला 1450, आस्था किरण 1441, अमित अग्रवाल 1424, राहुल साबू 1418, रोहित पोद्दार 1384, अनिल अग्रवाल 1360, अमित शर्मा 1348, रोहित अग्रवाल 1347, अमित किशोर अग्रवाल 1344, विकास विजयवर्गीय 1305, मोनिका गोयनका 1300 और पूजा ढाढा 1288 वोट के साथ विजयी रही।

### व्यापारियों के विश्वास की जीत : तुलसी पटेल

जीत के बाद तुलसी पटेल ने कहा कि यह व्यापारियों और उद्यमियों के विश्वास की जीत है। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की सुरक्षा, सरल कारोबारी व्यवस्था, कानून-व्यवस्था में सुधार और आधारभूत संरचना को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता होगी।

# नावा बाजार में बेकाबू ट्रक ने दो घरों को रौंदा, बाल बाल बचे परिजन, बड़ी अनहोनी टली



बंशीधर न्यूज

**नावा बाजार :** थाना क्षेत्र के बाना गांव के स्कूल के समीप एनएच पर रविवार की अहले सुबह करीब तीन बजे बड़ा हादसा होने से टल गया है। छरी लदा 12 चक्का ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित कच्चे मकान में जा घुसा। हादसे में मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि घटना के समय घर में कोई मौजूद नहीं था। जिससे जानमाल की क्षति नहीं हुई है। दुर्घटना में ट्रक चालक भी सुरक्षित बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार छरी लदा एक ट्रक मेदिनीनगर की ओर से छतरपुर की तरफ जा रहा था। इसी दौरान बाना गांव में स्कूल भवन के समीप अचानक चालक का ट्रक पर से नियंत्रण बिगड़ गया। तेज रफ्तार ट्रक सड़क से नीचे उतर गया और रिंकू भुईयां और सुरेंद्र भुईयां के कच्चे मकान को रौंदते हुये एक पेड़ से टकरा गया।। ट्रक के मकान में घुसते ही जोरदार आवाज हुई। जिसके बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर जुट गये। घटना के संबंध में थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि उक्त घटना में दो लोगों को मामूली चोटें आई हैं। उस परिवार के अन्य सदस्य उस समय घर में मौजूद नहीं थे अन्यथा कोई बड़ी बारदात होने से इनकार नहीं किया जा सकता था। उन्होंने बताया कि घटना के वक्त चालक को नींद आ गयी थी जिससे ट्रक अनियंत्रित होकर घर मे जा घुसा था। उधर घर क्षतिग्रस्त होने के कारण उक्त दोनों परिवार के सदस्यों के सामने अपने सिर ढकने की मुश्किल बढ़ गयी है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## न्यूज अडेट्स

### श्रद्धांजलि सभा आज



**श्री बंशीधर नगर :** प्रखर समाजवादी नेता सह बिहार सरकार के पूर्व मंत्री स्वर्गीय गिरिवर पांडेय की पुण्यतिथि के मौके पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा की तैयारी पूरी कर ली गई है। पीडब्ल्यूडी डाक बंगला के समीप 14 सितंबर को स्वर्गीय गिरिवर पांडेय की प्रतिमा स्थल के निकट दोपहर 2 बजे से श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है। इसकी जानकारी देते हुये स्व पांडेय के पुत्र अभय कुमार पांडेय ने बताया कि श्रद्धांजलि सभा के मुख्य अतिथि जिले के डीसी पशुपतिनाथ मिश्रा होंगे। कार्यक्रम में आईआईएम के संरक्षक डॉ यासीन अंसारी, राजद के पलामू जिलाध्यक्ष धनंजय पासवान व भाकपा नेता का केडी सिंह भी शामिल होंगे।

### आहर से युवक का शव बरामद

**हरिहरगंज :** पिपरा थाना क्षेत्र के होलेया गांव में भीम सिंह के ईंट भट्ठे के समीप स्थित आहर से रविवार को करीब 35 वर्षीय अज्ञात युवक का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव से दुर्गंध आने पर आसपास के लोगों की नजर पड़ी। इसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना पिपरा थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से आहर से शव को बाहर निकलवाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर भेज दिया। पिपरा थाना प्रभारी प्रदीप शर्मा ने बताया कि शव की अब तक पहचान नहीं हो सकी है। प्रथम द्दष्टया शव करीब तीन-चार दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। पुलिस इंटरनेट मीडिया सहित अन्य माध्यमों से मृतक की पहचान कराने का प्रयास कर रही है।

## श्री बंशीधर नगर नवयुवक संघ की बैठक में लिया गया निर्णय

# दुर्गा पूजा के मौके पर श्रीराम कथा का भी होगा आयोजन

### श्री धाम अयोध्या के कथा वाचक श्रीरत्नेशप्रपन्नाचार्य जी महाराज करेंगे प्रवचन

बंशीधर न्यूज





**श्री बंशीधर नगर :** नवयुवक संघ जतपुरा- पाल्हे के तत्वावधान में विगत 31 वर्षों से अनवरत भव्य श्री दुर्गा पूजा का आयोजन श्रद्धा एवं धार्मिक उत्साह के साथ किया जाता रहा है। इस दौरान विविध धार्मिक अनुष्ठानों के साथ कथा-प्रवचन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होते रहे हैं। इस वर्ष दुर्गा पूजा महोत्सव को और अधिक व्यापक एवं भव्य स्वरूप प्रदान करने के उद्देश्य से बांकी नदी तट पर अवस्थित श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर जतपुरा परिसर में समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में दुर्गा पूजा के पारंपरिक एवं विविध धार्मिक अनुष्ठानों के साथ श्रीराम कथा के भव्य आयोजन का निर्णय लिया गया। श्रीराम कथा के लिये श्री धाम अयोध्या के सुप्रसिद्ध कथा वाचक जगद्गुरु रामानुजाचार्य श्रीरत्नेशप्रपन्नाचार्य जी महाराज से संवाद किया गया। उन्होंने कथा आयोजन के लिये सहर्ष अपनी स्वीकृति प्रदान की। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 11 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक श्रीराम कथा का रसास्वादन श्रद्धालुओं को कराया जायेगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष राजनारायण शुक्ल ने बताया कि श्रीराम कथा के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, मर्यादा, त्याग, करुणा, धर्म एवं लोकमंगल के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जायेगा। दुर्गा पूजा एवं श्रीराम कथा के इस संयुक्त आयोजन को लेकर क्षेत्र के श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह है। समिति की ओर से अधिकाधिक श्रद्धालुओं से आयोजन में सहभागी बनकर कथा श्रवण एवं धार्मिक अनुष्ठानों का पुण्यलाभ प्राप्त करने का आह्वान किया गया है। बैठक में अमित शुक्ल, प्रदीप शुक्ल उर्फ भोला, रोहित शुक्ल, नरसिंह नारायण शुक्ल, अनीश शुक्ल उर्फ राजा, धीरेंद्र शुक्ल, प्रदीप शुक्ल, अवनीश शुक्ल, पीयूष शुक्ल, पंकज, नवनीत, अनंत, प्रिंस, सुधीर, सौरभ के साथ कई लोग उपस्थित थे।

## सिगसिगी में नवयुवक संघ दुर्गा पूजा कमेटी का गठन, माणिक सोनी बने अध्यक्ष



**रेहला :** सिगसिगी गांव स्थित देवी धाम गढ़टोला में दुर्गा पूजा के सफल और शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर रविवार को ग्रामीणों की बैठक हुई। शिवनाथ चंद्रवंशी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से नवयुवक संघ गढ़टोला सिगसिगी दुर्गा पूजा कमेटी का गठन किया गया। इसमें माणिक सोनी को अध्यक्ष, रामाशीष चौधरी को उपाध्यक्ष, विक्रांत कुमार को सचिव, रमेश कुमार कुशवाहा को सहसचिव तथा अभय कुमार राम को कोषाध्यक्ष बनाया गया। बैठक में पूजा आयोजन को भव्य, व्यवस्थित और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने पर चर्चा हुई। ग्रामीणों ने कहा कि दुर्गा पूजा धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक एकता और आपसी भाईचारे का भी पर्व है। पूजा के दौरान स्वच्छता, सुरक्षा, अनुशासन और श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखने का निर्णय लिया गया। प्रबंधन समिति में रामनरेश चंद्रवंशी, रामचंद्र चंद्रवंशी, अनुज कुमार चौधरी, उमेश कुमार सोनी, राजकुमार रावत, अजय कुमार रावत, शिवनाथ चंद्रवंशी, बंशी मेहता, नंदलाल राम, रिंकू राम, शंभू सिंह, संजय मेहता, लाल जी चौधरी, प्रवीण कुमार गुप्ता, पंकज कुमार कुशवाहा, विक्की कुमार, सुनील कुमार तिवारी, जितेंद्र कुमार, राजा बाबू, रितेश कुमार, आकाश कुमार, नितेश कुमार, अमित कुमार, महेंद्र चौधरी, अभिमन्यु कुमार, अनिल कुमार चौधरी, प्यारी चौधरी, दिलीप कुमार चंद्रवंशी, संदीप कुमार और प्रिंस कुमार को शामिल किया गया।

## टायर फटने से अनियंत्रित कमांडर जीप ट्रक से टकराई, पांच यात्री घायल



**नावा बाजार :** थाना क्षेत्र के तुकबेरा में एनएच-139 पर रविवार दोपहर करीब तीन बजे यात्रियों से भरी कमांडर जीप और ट्रक के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में जीप सवार पांच यात्री घायल हो गये। घायलों में एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। उसे बेहतर इलाज के लिये मेदिनीनगर स्थित एमआरएमसीएच रेफर किया गया है। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस और ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिये पड़वा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि ताली गांव से सात लोग कमांडर जीप पर सवार होकर पड़वा के साप्ताहिक बाजार जा रहे थे। तुकबेरा में हरि प्रजापति के घर के समीप अचानक जीप का टायर फट गया। इससे जीप अनियंत्रित होकर बगल से गुजर रहे ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रक का भी टायर फट गया और दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गये। हादसे में ताली गांव निवासी प्रवेश महतो (55), जीप चालक विक्की कुमार (29), सतीश भुईयां (35), कालिंदी देवी (55) और सत्येंद्र भुईयां घायल हुये हैं। सभी के शरीर के अलग-अलग हिस्सों में चोटें आई हैं। इनमें प्रवेश महतो की स्थिति गंभीर होने के कारण उसे एमआरएमसीएच भेजा गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने क्षतिग्रस्त दोनों वाहनों को जब्त कर थाने में खड़ा कराया है। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

## कवलदाग जंगल में पिस्तौल के बल पर अपाची बाईक लूटी



**भवनाथपुर :** भवनाथपुर-कांडी मुख्य पथ स्थित कवलदाग जंगल में एक बाईक पर सवार तीन नकाबपोश बदमाशों ने पिस्तौल के बल पर अपाची बाईक लूट ली। घटना के बाद आरोपी भवनाथपुर की ओर फरार हो गये। पीड़ित की सूचना पर भवनाथपुर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।जानकारी के अनुसार केतार थाना क्षेत्र के परसोडीह निवासी मुना विश्वकर्मा टाईल्स मिस्त्री का काम करते हैं। रविवार को चौबे-मझिगांवा में काम करने के बाद वह गांव के ही हेल्पर प्रवेश साह के साथ अपनी अपाची बाईक से भवनाथपुर निवासी मंजर अंसारी के घर काम करने जा रहे थे। कवलदाग जंगल में शौच के लिये बाईक रोकने के दौरान बुलेट पर सवार तीन नकाबपोश युवक पहुंचे। पीड़ित के अनुसार बदमाशों ने उनसे भवनाथपुर, खरौंधी और श्री बंशीधर नगर की दूरी पूछी। जानकारी लेने के बाद वे आगे निकल गये। इसके बाद मुना भी बाईक से भवनाथपुर की ओर बढ़े। जंगल के बीच बदमाशों ने उनकी बाईक में टक्कर मारने का प्रयास किया। किसी तरह दोनों गिरने से बच गये। इसी दौरान दो बदमाशों ने उतरकर उनके साथ मारपीट की और पिस्तौल दिखाकर बाईक लूट ली। इसके बाद तीनों भवनाथपुर की ओर भाग निकले। घटना की जानकारी मुना ने दूरभाष से मंजर अंसारी को दी। मंजर ने भवनाथपुर पुलिस को सूचना दी। इसके बाद थाना प्रभारी रजनी रंजन पुलिस टीम के साथ घटनास्थल की जांच में जुट गये। पुलिस ने आसपास के थानों को भी सूचना देकर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बदमाश भवनाथपुर बाजार होते हुये तेज गति से श्री बंशीधर नगर की ओर भागे। खबर लिखे जाने तक पीड़ित ने थाने में लिखित शिकायत नहीं दी थी।

## चोरी की लगातार वारदातों से दहशत, पुलिस के लिये चुनौती बनीं घटनाएं

# चोरों ने नौगढ़ा ओपी क्षेत्र में फिर एक घर खंगाला

### 15 हजार नकद समेत डेढ़ लाख के जेवरात की चोरी

बंशीधर न्यूज



**रेहला :** नौगढ़ा ओपी क्षेत्र में चोरों का दुस्साहस लगातार बढ़ता जा रहा है। पंजरी खुर्द गांव निवासी पंकज पाठक के घर को बीती रात चोरों ने निशाना बनाया। घर से करीब 15 हजार रुपये नकद और लगभग डेढ़ लाख रुपये के जेवरात चोरी कर लिये गये। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं ने ग्रामीणों में भय का माहौल पैदा कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि चोर बेखौफ होकर एक के बाद एक वारदात को अंजाम दे रहे हैं। इससे पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं। पुलिस अधिकारियों ने लगातार हो रही चोरी की घटनाओं को चुनौती के रूप में लिया है और चोरों तक पहुंचने के लिये जांच तेज कर दी है।

### पुलिस इंस्पेक्टर के घर पर भी थी चोरों की नजर

बीती रात ही चोरों ने एक पुलिस इंस्पेक्टर के घर को भी निशाना बनाया था। पुलिस से जुड़े व्यक्ति के घर को निशाना बनाये जाने से क्षेत्र में चोरों के बढ़े मनोबल का इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है। घटनाओं के बाद ग्रामीणों में अज्ञात भय और दहशत का माहौल है।

**पिछले साल भी आधा दर्जन घरों में हुई थी चोरी :** रेहला थाना क्षेत्र के तोलरा गांव में पिछले वर्ष भी चोरों ने आधा दर्जन घरों में भीषण चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया था। इनमें डीएसपी, स्टेशन मास्टर, शिक्षक और सीआरपीएफ जवान के घर भी शामिल थे। लाखों रुपये की चोरी के बावजूद अब तक किसी घटना का उद्भेदन नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी है। लगातार हो रही वारदातों और चोरों के पुलिस कार्रवाई से बेखौफ रहने के कारण चोरी की घटनाएं अब पुलिस के लिये बड़ी चुनौती बनती जा रही है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि पुलिस जल्द ही घटनाओं का उद्भेदन कर चोर गिरोह तक पहुंचेगी।

# झुनका से लेकर घघरी तक लगभग 5 किमी लंबी सड़क में मिट्टी-मोरम डालकर कराया दुरुस्त



## विधायक अनंत ने क्षेत्र की बदहाल सड़क को दुरुस्त कराने को लेकर बढ़ाया कदम

पुष्पेंद्र दूबे

**सगमा :** विधायक अनंत प्रताप देव ने ग्रामीण क्षेत्रों के बदहाल सड़कों को दुरुस्त कराने को लेकर कदम बढ़ाया है। विधायक के निर्देश पर प्रखंड के झुनका से लेकर घघरी तक लगभग 5 किमी लंबी सड़क की मिट्टी-मोरम से मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है। सड़क की मरम्मत शुरू होने से ग्रामीणों में राहत की उम्मीद जगी है। इस संबंध में झामुमो नेता डॉ हरिदास यादव ने बताया कि ग्रामीणों ने सड़क की जर्जर स्थिति को लेकर विधायक अनंत प्रताप देव से मरम्मत की मांग की थी। ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेते हुये विधायक ने तत्काल सड़क पर मिट्टी-मोरम डालकर मरम्मत कराने का निर्देश दिया, जिसके बाद कार्य शुरू कराया गया है। डॉ यादव ने कहा कि विधायक अनंत प्रताप देव द्वारा उक्त सड़क के स्थायी निर्माण के लिये भी लगातार प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही सड़क निर्माण की दिशा में भी सकारात्मक पहल होगी।
मौके पर हीराचंद्र यादव, सुनील पासवान, सत्येंद्र यादव, मुन्ना राम, अभिमन्यु यादव, राजेश यादव, जामनाथ यादव, बसंत पाल, राकेश पाण्डेय, राजेश यादव, पूर्व मुखिया बिनोद भुईया, राजेंद्र राम, जोखू राम, दीपक यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## न्यूज अपडेट्स

### कैलान जंगल में दो दर्जन हथियारबंद लोगों की मौजूदगी से दहशत

**भवनाथपुर :** भवनाथपुर थाना क्षेत्र के कैलान जंगल में शनिवार सुबह दो दर्जन से अधिक हथियारबंद लोगों के देखे जाने की सूचना से आसपास के गांवों में दहशत का माहौल है। करीब एक दशक बाद जंगल में एक साथ इतने हथियारबंद लोगों के देखे जाने की खबर से पुलिस भी सतर्क हो गई है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि जंगल में जुटे लोग किसी आपराधिक गिरोह से जुड़े हैं या किसी उग्रवादी संगठन को दोबारा सक्रिय करने का प्रयास तो नहीं किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार कैलान जंगल के पूर्वी हिस्से में गुलेरियाडेरा के समीप मवेशी चराने गये कुछ ग्रामीणों ने हथियार लिये लोगों के एक समूह को देखा। ग्रामीणों के मुताबिक समूह में दो दर्जन से अधिक लोग थे। इनमें कुछ लोग सादे कपड़ों में थे और उनके हाथों में छोटे हथियार दिखाई दे रहे थे। हथियारबंद लोगों को देखते ही ग्रामीण डर गये और तत्काल गांव लौटकर अन्य लोगों को इसकी जानकारी दी। इसके बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। ग्रामीणों के अनुसार जंगल में लकड़ी काट रहे एक व्यक्ति को भी हथियारबंद लोगों ने रोक लिया। उसे हरा पेड़ नहीं काटने की हिदायत देते हुये फटकार लगाई गई। घटना के बाद ग्रामीण जंगल जाने से परहेज कर रहे हैं।यहां बताते चलें कि भवनाथपुर, खरौंधी और केतार थाना क्षेत्र लंबे समय से उग्रवाद मुक्त माने जाते रहे हैं। वर्ष 2013 के बाद यहां बड़ी नक्सली गतिविधि सामने नहीं आई है। हालांकि गर्मी के मौसम में बीड़ी पत्ता कारोबारियों से डराने-धमकाने और वसूली से जुड़ी आपराधिक तत्वों की सूचनाएं मिलती रही हैं। सूचना मिलने के बाद भवनाथपुर पुलिस ने जंगल में भ्रमण किया। संदिग्ध लोगों की तलाश में जांच और कार्रवाई जारी रही।

## धुरकी ▶ युवा नेता दीपक प्रताप देव का सड़क बनाने का अभियान जारी

# कदवा में दो किमी सड़क का कराया निर्माण

### मैं विधायक नहीं हूं, लेकिन अपनी क्षमता के अनुसार लोगों की सेवा में हाजिर हूं : दीपक

### ग्रामीणों के बीच सुरक्षा सामग्री भी किया गया वितरित

बंशीधर न्यूज



**धुरकी :** युवा नेता व भोजपुर गढ़ प्रमुख दीपक प्रताप देव का सड़क बनाने का अभियान जारी है। दीपक प्रताप देव के नेतृत्व में रविवार को प्रखंड अंतर्गत कदवा गांव में भानू बाजार से मलाह टोला चार मुहान तक लगभग दो किमी लंबे मिट्टी-मोरम पथ निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इस दौरान क्षेत्र में हाथियों के आतंक से त्रस्त करीब 100 ग्रामीणों के बीच बचाव के लिये टॉर्च और पटाखा-बम (सुरक्षा उपकरण) का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये दीपक प्रताप देव ने कहा कि कदवा गांव के ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया था, जिसके त्वरित समाधान के रूप में इस दो किमी सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वे विधायक नहीं हैं लेकिन अपनी क्षमता के अनुसार लोगों की सेवा में हाजिर हैं। श्री देव ने विधायक अनंत व पूर्व विधायक भानू पर निशाना साधते हुये कहा की दोनों नेता इस क्षेत्र के ग्रामीणों को ठगने का काम किया। दोनों नेताओं ने जनता से सिर्फ वोट लिया लेकिन उनका विकास नहीं किया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में क्षेत्र की जनता दोनों से हिसाब लेगी तथा करारा जवाब देगी। श्री देव ने ग्रामीणों को हो रही दोहरी क्षति पर भी नजर डाला। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि हाथियों के आतंक से निपटने के लिये भी हरसंभव कदम उठाये जाएंगे। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि यदि वन विभाग द्वारा हाथियों से बचाव के पुख्ता इंतजाम जल्द नहीं किये गये तो आने वाले समय में ग्रामीणों के साथ धरना प्रदर्शन किया जायेगा। कार्यक्रम का संचालन महताब अंसारी ने किया। इस अवसर पर प्रिंस गुप्ता, इकबाल सिंह, गौरव गुप्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर प्रशासन सख्त

### फर्जी दस्तावेज पर होगी एफआईआर

बंशीधर न्यूज



**बरडीहा :** विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 को लेकर प्रखंड प्रशासन ने सख्ती शुरू कर दी है। निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य में पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाये रखने के लिये प्रज्ञा केंद्र संचालकों और संबंधित कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिये गये हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि निर्वाचन कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही, अनियमितता या फजीर्वाड़ा बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। समीक्षा के दौरान मतदाता सूची से जुड़े दस्तावेजों में गड़बड़ी और फजीर्वाड़े की आशंका सामने आने के बाद प्रशासन ने सभी संबंधित लोगों को विशेष सतर्कता बरतने को कहा है। प्रज्ञा केंद्र संचालकों को निर्देश दिया गया है कि संदिग्ध, फर्जी अथवा कूटरचित दस्तावेज के आधार पर किसी भी प्रकार की ऑनलाईन प्रविष्टि या आवेदन स्वीकार नहीं करें। खतियान, वंशावली समेत अन्य आवश्यक दस्तावेजों की सत्यता की जांच के बाद ही प्रक्रिया आगे बढ़ाने को कहा गया है। प्रशासन ने इलेक्ट्रोल डाला में किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ या अनधिकृत बदलाव को पूरी तरह प्रतिबंधित किया है। साथ ही यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है कि किसी अयोग्य या विदेशी नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल न हो। बीडीओ सह अतिरिक्त सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी प्रवीण कुमार सिंह ने चेतावनी दी है कि दस्तावेजों से छेड़छाड़, फर्जी जानकारी देने या मतदाता डेटा में हेरफेर करने वालों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। प्रशासन ने आम लोगों से भी संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल प्रखंड कार्यालय को देने की अपील की है।

## वेतनमान की मांग को लेकर सहायक अध्यापकों ने भरी हुंकार, चेतावनी



**गढ़वा :** टाउन हॉल मैदान में रविवार को जिले के सभी कोटि के सहायक अध्यापकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सहायक अध्यापकों की विभिन्न मांगों और आगामी रणनीति पर चर्चा की गई। मौके पर मुख्य अतिथि आकलन पास सहायक अध्यापक संघ के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने कहा कि सरकार लगातार सहायक अध्यापकों के साथ धोखा कर रही है। लंबे समय से सेवा देने के बावजूद अब तक वेतनमान नहीं दिया जाना सरकार की मंशा पर सवाल खड़ा करता है। उन्होंने कहा कि जिले के सभी सहायक अध्यापक एकजुट हैं और आगे भी एकजुट रहेंगे। टीईटी पास सहायक अध्यापक संघ के जिलाध्यक्ष रविशंकर ठाकुर ने कहा कि सरकार लंबे समय से सहायक अध्यापकों का शोषण कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार सुप्रीम कोर्ट के आदेश का भी पालन नहीं कर रही है। उन्होंने सरकार से सहायक अध्यापकों की समस्याओं का जल्द समाधान करने की मांग की। बैठक में उपस्थित तीनों जिलाध्यक्षों ने कहा कि सरकार अविलंब सहायक अध्यापकों के साथ वार्ता कर उचित निर्णय ले अन्यथा जिले के सभी सहायक अध्यापक आंदोलन करने के लिये मजबूर होंगे। आशुतोष शर्मा ने बैजनाथ राम के शिक्षा मंत्री रहते हुये हुये समझौते को भी अविलंब लागू करने की मांग की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सहायक अध्यापकों की आगामी रणनीति में सभी शिक्षक एकजुट होकर कार्यक्रमों को सफल बनाएंगे। आगामी 19 सितंबर को गढ़वा टाउन हॉल में जिलेभर के सहायक अध्यापकों की बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। बैठक की अध्यक्षता महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष रेशमा खातून जबकि संचालन फिरोज अंसारी ने किया। मौके पर आशिक अंसारी, रामनरेश सिंह, मौलेश कुमार तरुण, मुन्ना उरांव, कृष्णा साह, अक्षय कुमार, अमित रंजन समेत कई सहायक अध्यापक उपस्थित थे।

## 15 सितंबर तक जमा करें मतदाता पुनरीक्षण फॉर्म

**बरडीहा :** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 कार्यक्रम के तहत नागरिकों के लिये फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर निर्धारित की गई है। इसे लेकर प्रखंड प्रशासन ने सभी पात्र भारतीय नागरिकों से समय रहते अपने नाम और मतदाता सूची में दर्ज विवरण की जांच कर आवश्यक फॉर्म जमा करने की अपील की है। बीडीओ सह अतिरिक्त सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी प्रवीण कुमार सिंह ने कहा कि सभी पात्र नागरिक निर्धारित समय-सीमा का ध्यान रखते हुये मतदाता सूची में अपने और अपने परिवार के सदस्यों के नाम की अच्छी तरह जांच कर लें। किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर संबंधित फॉर्म भरकर समय पर जमा करें, ताकि मतदाता सूची में सही जानकारी दर्ज हो सके। प्रशासन के अनुसार, फॉर्म-6 का उपयोग मतदाता सूची में नया नाम जुड़वाने तथा एक मतदान केंद्र, विधानसभा क्षेत्र या राज्य से दूसरे स्थान पर नाम स्थानांतरित कराने के लिये किया जा सकता है। वहीं फॉर्म-8 के माध्यम से मतदाता सूची में दर्ज नाम अथवा अन्य विवरण में सुधार कराया जा सकता है। फॉर्म-7 का इस्तेमाल किसी नाम के समावेश पर आपत्ति दर्ज कराने अथवा मतदाता सूची से नाम हटाने के लिये किया जायेगा। बीडीओ ने कहा कि एसआईआर के तहत तैयार की जाने वाली मतदाता सूची एक स्थायी अभिलेख के रूप में संरक्षित की जाती है। ऐसे में नागरिकों की जिम्मेदारी है कि वे सूची में अपना और अपने परिवार का नाम तथा अन्य विवरण सही दर्ज कराने के लिये इस अवसर का पूरा लाभ उठाएं।

## पोखराहा व जोड़ में अंडरपास निर्माण की स्वीकृति जल्द, प्रक्रिया अंतिम चरण में : विष्णु दयाल राम



**मेदिनीनगर :** मेदिनीनगर फोरलेन बाईपास एनएच-39 पर पोखराहा एवं जोड़ के पास अंडरपास/फ्लाईओवर निर्माण की स्वीकृति जल्द मिलने की उम्मीद है। सांसद विष्णु दयाल राम के लगातार प्रयासों से दोनों परियोजनाओं की प्रक्रिया आगे बढ़ी है। इसकी जानकारी सांसद के निजी सचिव अलख दूबे ने दी। उन्होंने बताया कि सांसद ने 23 जुलाई 2026 को लोकसभा में नियम-377 के तहत पोखराहा एवं जोड़ में अंडरपास निर्माण का मामला उठाया था। इसके बाद सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के राज्य मंत्री अजय टम्टा ने 31 अगस्त को पत्र भेजकर परियोजनाओं की स्थिति से अवगत कराया। मंत्रालय के अनुसार पोखराहा के पास किमी 165-700 पर वीयूपी तथा जोड़ के पास किमी 169-023 पर एलवीयूपी का निर्माण प्रस्तावित है। इसके लिए रेलवे ट्रांसमिशन लाइन को ऊंचा करने की जरूरत है। ट्रांसमिशन लाइन शिफ्टिंग के लिए 3.43 करोड़ रुपये रेलवे प्राधिकरण को प्राप्त हो चुके हैं। दोनों निर्माण प्रस्ताव एनएचएआई मुख्यालय में सक्षम प्राधिकारी की सैद्धांतिक मंजूरी के लिए प्रक्रियाधीन हैं। सांसद ने कहा कि दोनों अंडरपास बनने से स्थानीय लोगों, विद्यार्थियों, किसानों एवं वाहन चालकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और सड़क सुरक्षा भी बेहतर होगी।

### सेवा संकल्प अभियान कारवां का गढ़वा में होगा भव्य स्वागत : विधायक

# 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलेगा सेवा संकल्प अभियान

बंशीधर न्यूज




**गढ़वा :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा एवं समर्पण के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शुरू किये जाने वाले सेवा संकल्प अभियान को भव्य बनाने के लिये भाजपा ने तैयारी शुरू कर दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मस्थली वडनगर से शुरू होकर उनके कर्मस्थली वाराणसी तक जाने वाली सेवा संकल्प अभियान कारवां का गढ़वा में भव्य स्वागत किया जायेगा। भाजपा इस अवसर को जनभागीदारी के साथ मनायेगी। विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने अपने आवास पर रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर यह जानकारी दी। विधायक श्री तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा, समर्पण और सफल नेतृत्व के 25 वर्ष पूरा होना देश के लिये महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने बताया कि 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक देशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। अभियान का शुभारंभ प्रधानमंत्री की जन्मस्थली वडनगर से होगा। देश के विभिन्न हिस्सों से युवाओं का कारवां निकलेगा, जो गढ़वा होते हुये प्रधानमंत्री की कर्मस्थली वाराणसी पहुंचेगा। गढ़वा में कार्यकर्ता और आम लोग यात्रा का स्वागत करेंगे। विधायक ने कहा कि अभियान के दौरान हर घर में दीप जलाने का कार्यक्रम होगा। बूथ स्तर से लेकर कार्यकताओं के घरों तक दीप जलाकर इसे उत्सव के रूप में मनाया जायेगा। वहीं आंगन मिलन कार्यक्रम के माध्यम से भाजपा कार्यकर्ता घर-घर पहुंचकर महिलाओं और माताओं-बहनों को प्रधानमंत्री के 25 वर्षों के सेवा कार्यों एवं उपलब्धियों की जानकारी देंगे। उन्होंने कहा कि पूरे महीने सुशासन और सेवा पखवाड़ा के तहत गांव-गांव कार्यक्रम होंगे। कार्यकर्ता लोगों को प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में हुये विकास और बदलाव से अवगत कराएंगे। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष उदय कुशवाहा, पूर्व सांसद घुरन राम, जितेंद्र चंद्रवंशी, धनंजय गौड़, रिंकू तिवारी, अरविंद तूफानी सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।




## 'राइज एंड फॉल 2' लेकर लौटेंगे वीरेंद्र सहवाग, होस्ट के रूप में आएंगे नजर

क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी वीरेंद्र सहवाग अब रियलिटी टीवी की दुनिया में नई पारी शुरू करने जा रहे हैं। वह चर्चित रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल' के दूसरे सीजन की मेजबानी करेंगे। रणनीति, गठजोड़ और ताकत के खेल पर आधारित इस शो का नया प्रोमो 10 सितंबर को जारी किया गया, जिसमें वीरेंद्र सहवाग शो के रोमांच और ट्विस्ट की तुलना क्रिकेट मैच से करते नजर आए। उनका कहना है कि इस खेल में भी आखिरी पल तक यह अंदाजा लगाना मुश्किल होगा कि आगे क्या होने वाला है। 'राइज एंड फॉल' के दूसरे सीजन में 15 चर्चित हस्तियां दो अलग-अलग समूहों में बंटी नजर आएंगी। एक तरफ 'शासक' होंगे, जिन्हें आलीशान पेंटहाउस में रहने की सुविधा मिलेगी, जबकि दूसरी तरफ 'मजदूर' होंगे, जिन्हें बेसमेंट में रहना होगा। शो में खिलाड़ियों की स्थिति उनके फैसलों, रणनीति और गठबंधनों के आधार पर बदलती रहेगी। पैसा और प्रभाव इस खेल में आगे बढ़ने और पीछे जाने का फैसला करेंगे। बनिजय एशिया द्वारा तैयार किया गया यह शो ब्रिटेन के एक चर्चित प्रारूप पर आधारित है। दूसरे सीजन को प्राइम वीडियो और एमएक्स प्लेयर पर मुफ्त में देखा जा सकेगा। हालांकि, निमार्ताओं ने अभी इसकी रिलीज तारीख की घोषणा नहीं की है। वीरेंद्र सहवाग के जुड़ने के बाद शो के नए सीजन को लेकर दर्शकों की उत्सुकता और बढ़ गई है।

## बिग बॉस' के घर में दिखा 20 साल का सफर, भावुक हुए कंटेस्टेंट्स



'बिग बॉस 20' के घर में उस वक्त भावुक माहौल देखने को मिला, जब मौजूदा प्रतियोगियों को शो के 20 साल के सफर की खास झलक दिखाई गई। निमार्ताओं की ओर से दिखाए गए वीडियो मोंटाज में शो के दो दशकों के यादगार पल शामिल थे। इसमें पुराने सीजन की दोस्ती, प्यार, भावनात्मक रिश्ते, तीखी बहसें और सोशल मीडिया पर वायरल हुए कई चर्चित पल नजर आए। इन यादों को पर्दे पर दोबारा देखकर घर के सदस्य भावुक हो गए। मोंटाज में 'बिग बॉस' के कई पुराने और चर्चित पलों को शामिल किया गया था। इनमें शहनाज गिल का मशहूर डायलॉग 'त्वाडा कुत्ता टॉमी, साडा कुत्ता कुत्ता' भी दिखाई दिया। इस क्लिप को देखकर घर का माहौल कुछ देर के लिए खुशनुमा हो गया और प्रतियोगी पुराने पलों का आनंद लेते नजर आए। वहीं, जैसे-जैसे वीडियो आगे बढ़ा, शो से जुड़े भावुक रिश्तों और दोस्ती के पलों ने घरवालों को भावुक कर दिया। पुराने प्रतियोगियों की दोस्ती, प्यार और रिश्तों की झलक देखकर अरशिफा खान, माही विज, आम्रपाली दुबे और आसिफ खान समेत कई प्रतियोगियों की आंखों में आंसू आ गए। 'बिग बॉस' के 20 साल के सफर में कई प्रतियोगी ट्रॉफी जीतकर आगे बढ़े, लेकिन शो के झगड़े, दोस्ती, प्यार, बहस और मजेदार संवाद आज भी दर्शकों के बीच याद किए जाते हैं। यही वजह है कि कई पुराने पल आज भी सोशल मीडिया पर वायरल होते रहते हैं। 20वें सीजन का यह मोंटाज शो की इसी यादगार विरासत को फिर से सामने लाता है।

## नेपाल के बाढ़ विस्थापित परिवारों को हर महीने मिलेगी 15 हजार रुपये सहायता राशि



## एनपी विवि में कॉलेजों में पीजी पढ़ाई सीमित करने का फैसला

# अभाविप ने विवि के फैसले का किया विरोध

बंशीधर न्यूज




**गढ़वा :** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के कॉलेज कैंपसों में स्नातकोत्तर (पीजी) की पढ़ाई को केवल विश्वविद्यालय विभाग तक सीमित रखने के निर्णय का अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने विरोध किया है। इस संबंध में परिषद की ओर से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर निर्णय पर पुनर्विचार की मांग की गई। अभाविप के राज्य विश्वविद्यालय कार्य संयोजक मंजुल शुक्ल ने कहा कि इस फैसले का सीधा असर गढ़वा जिले के हजारों विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा पर पड़ेगा। गढ़वा भौगोलिक रूप से विस्तृत और ग्रामीण बहुल जिला है। ऐसे में स्थानीय स्तर पर पीजी की पढ़ाई की सुविधा विद्यार्थियों के लिये बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि कॉलेजों में पीजी की पढ़ाई बंद होने से सुदूर प्रखंडों के विद्यार्थियों को मेदिनीनगर अथवा अन्य शहरों का रुख करना पड़ेगा। इससे दूरी, आवागमन, आवास और आर्थिक परेशानियां बढ़ेंगी तथा विद्यार्थियों के ड्रॉपआउट की आशंका भी रहेगी। छात्राओं के लिये यह समस्या और गंभीर हो सकती है। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा रोजगार, प्रतियोगी परीक्षाओं, शोध और शिक्षण के अवसरों का आधार है। स्थानीय स्तर पर पीजी की सुविधा सीमित होने से ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिये उच्च शिक्षा के अवसर प्रभावित होंगे। अभाविप ने इसे राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की सुलभ और समावेशी उच्च शिक्षा की भावना के विपरीत बताया। जिला संयोजक राजा यादव ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन स्पष्ट करे कि नामधारी महाविद्यालय, गढ़वा में वर्षों से संचालित पीजी पाठ्यक्रमों को बंद करने का शैक्षणिक, प्रशासनिक और कानूनी आधार क्या है। अभाविप ने नामधारी कॉलेज में पीजी पाठ्यक्रम जारी रखने, सत्र 2026-28 में तत्काल नामांकन शुरू करने और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने की मांग की। मौके पर विभाग संयोजक प्रिंस सिंह, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सचिन चौबे, निजी विश्वविद्यालय कार्य सहसंयोजक आनंद कुमार, अभिषेक यादव, लक्की कुमार, समित कुमार सहित कई कार्यकर्ता एवं विद्यार्थी मौजूद थे।

## गांवों में अब बीट पुलिस की नजर, अपराध और साइबर ठगी पर लगेगी लगाम



**मोहम्मदगंज :** गांवों में पुलिस की सक्रियता बढ़ाने और अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के लिये मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र में बीट पुलिसिंग को मजबूत किया जा रहा है।एसपी कपिल चौधरी के निर्देश पर रविवार को भजनिया, लटपौरी और गोराडीह पंचायत में पुलिस ने बीट पुलिसिंग के तहत जागरूकता अभियान चलाया। थाना प्रभारी नारायण सोरेन के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारियों ने ग्रामीणों को अपराध, नक्सली गतिविधियों, सामाजिक कुरीतियों और साइबर अपराध से बचाव के उपाय बताये। साथ ही ग्रामीणों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि या आपराधिक घटना की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई। भजनिया पंचायत में एएसआई प्रद्युमन पासवान, गोराडीह में एएसआई बुधु उरांव और लटपौरी में एएसआई कयामुद्दीन अंसारी को बीट की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बीट पुलिस पदाधिकारी अब संबंधित क्षेत्रों में ग्रामीणों के संपर्क में रहकर स्थानीय समस्याओं और गतिविधियों की जानकारी जुटायेगी। पुलिस ने साइबर ठगी से बचने के लिये अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करने, संदिग्ध फोन कॉल से सावधान रहने और ऑनलाईन लेनदेन में सतर्कता बरतने की सलाह दी। अभियान के दौरान पंचायतों के मुखिया, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## मझिआंव में खुले नाले बने हादसे का खतरा, लोगों में नाराजगी



**मझिआंव :** नगर पंचायत क्षेत्र में कई स्थानों पर नालियों के खुले रहने से दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। नाली सफाई के दौरान टूटे स्लैब और पटिया की अब तक मरम्मत नहीं होने से स्थानीय लोगों में नाराजगी है। लोगों का कहना है कि खुले नालों के कारण कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों के अनुसार मुख्य सड़क स्थित ग्रामीण बैंक के समीप, वार्ड नंबर सात, वार्ड पांच की वीआईपी गली, भंडारी मोहल्ला और चंद्रवंशी मोहल्ला समेत कई जगहों पर नालियां खुली पड़ी हैं। इन स्थानों पर दिनभर लोगों की आवाजाही होती रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि समस्या को लेकर नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार से कई बार शिकायत की गई, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं हो सका। इसके अलावा पुरानी नगर पंचायत कार्यालय के समीप, ब्लॉक रोड और अन्य वार्डों में भी नालियों की स्थिति खराब है। लोगों के अनुसार यह समस्या पिछले कई महीनों से बनी हुई है। नालियों पर पटिया नहीं होने से छोटे-मोटे हादसे होते रहते हैं। रात में खुले नालों के कारण खतरा और बढ़ जाता है। बच्चों और बुजुर्गों को आवागमन में विशेष परेशानी होती है। कई जगह नालियों का गंदा पानी सड़क पर बहने से दुर्गंध और गंदगी की समस्या भी बनी हुई है। नगर पंचायतवासियों ने सभी खुली नालियों पर ढक्कन लगाने और टूटी पट्टियों की शीघ्र मरम्मत कराने की मांग की है। इधर कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार ने बताया कि सोमवार को मामले की जांच कराई जायेगी। जांच में जहां-जहां पटिया टूटा या गायब पाया जायेगा, वहां आवश्यकता के अनुसार नया पटिया लगाया जायेगा।

## चैंबर के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष बने अमित जायसवाल, उदय शंकर दुबे को मिले 30 वोट, 29 मतों से दर्ज की जीत



**मेदिनीनगर :** फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सत्र 2026-27 के लिये रविवार को रांची के हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन में हुये चुनाव में पलामू के छतरपुर पूर्वी जिला परिषद सदस्य अमित कुमार जायसवाल ने क्षेत्रीय उपाध्यक्ष पद पर जीत दर्ज की। चुनाव में अमित कुमार जायसवाल को 59 मत मिले। जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी उदय शंकर दुबे को 30 मत प्राप्त हुये। अमित ने 29 मतों के अंतर से जीत हासिल की। अमित कुमार जायसवाल की जीत की खबर मिलते ही छतरपुर क्षेत्र के उनके समर्थकों और शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई। लोगों ने उन्हें बधाई देते हुये कहा कि उनके क्षेत्रीय उपाध्यक्ष निर्वाचित होने से पलामू के व्यापारियों और उद्यमियों की समस्याओं को राज्य स्तर पर मजबूती से उठाने का अवसर मिलेगा। चैंबर के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष के रूप में अमित के सामने व्यापारियों की समस्याओं को सरकार और संबंधित विभागों तक पहुंचाने के साथ-साथ व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होगी।

## निजी विद्यालयों की एकजुटता से मजबूत होगी झारखंड की शिक्षा व्यवस्था : अविनाश देव

# निजी विद्यालय संचालकों का महासम्मेलन

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** झारखंड स्टेट स्कूल्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अविनाश देव के नेतृत्व में निजी विद्यालय संचालकों का पलामू प्रमंडल स्तरीय महासम्मेलन बरवाडीह स्थित शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल परिसर में हुआ। इसमें पलामू, लातेहार और गढ़वा के सीबीएसई, आईसीएसई से मान्यता प्राप्त तथा गैर-मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों के संचालक व प्रतिनिधि शामिल हुए। सम्मेलन में विद्यालयों की समस्याओं, सरकारी नीतियों, प्रशासनिक चुनौतियों और शिक्षा व्यवस्था में सुधार के उपायों पर चर्चा हुई।
अविनाश देव ने कहा कि झारखंड की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने में निजी विद्यालयों की भूमिका महत्वपूर्ण है। संगठन का उद्देश्य केवल विद्यालय संचालकों के हितों की रक्षा करना नहीं, बल्कि प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण, आधुनिक और संस्कारयुक्त शिक्षा उपलब्ध कराना भी है। इसके लिए राज्य के सभी निजी विद्यालयों को एकजुट होकर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि संगठन की एकता ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है।
उन्होंने मुकेश कुमार सिन्हा को झारखंड स्टेट स्कूल्स एसोसिएशन का प्रदेश संरक्षक बनाए जाने की घोषणा की। मुकेश कुमार सिन्हा ने कहा कि शिक्षा समाज और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। निजी विद्यालय सीमित संसाधनों के बावजूद बच्चों के बेहतर भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।
मौके पर कोषाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल के निदेशक पवन कुमार गुप्ता, सचिव गिरीश कुमार, वरिष्ठ सदस्य सुधीर कुमार मेहता, राजीव गोयल, अफ्ताब आलम, सुशील कुमार दूबे, उपेंद्र कुमार गुप्ता, नरेंद्र, ललन प्रजापति और धीरज कुमार सहित अन्य सदस्य मौजूद थे। संचालन ई. नंद किशोर भारती ने किया। कोऑर्डिनेटर सीमा गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)